पत्र संख्याः– वे0आ0–1– 1206/दस–2011–15(एम)/2011

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
विशेष सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
वन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1 लखनऊः दिनॉक नवम्बर 14, 2011

विषयः– वन विभाग के अन्तर्गत निदेशक (वन सांख्यकीय) के पद का वेतनमान वेतन बैण्ड रुपया 37400–67000 तथा ग्रेड वेतन रुपया 8700/– के स्थान पर वेतन बैण्ड रुपया 37400–67000 तथा ग्रेड वेतन रुपया 8900/–करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर वेतन समिति, 2008 की संस्तुतियों पर पुर्न–विचारोपरान्त लिये गये निम्न निर्णय को संसूचित करने का मुझे निदेश हुआ है :––

" वन विभाग के अन्तर्गत उपलब्ध संयुक्त निदेशक (वन सांख्यकीय) वेतनमान रुपया 12000–16500 (पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतन बैण्ड–3 रुपये 15600–39100 एवं ग्रेड वेतन रुपये 7600/–) के 02 पदों में से एक पद को उच्चीकृत करते हुए अपर निदेशक (वन सांख्यकीय) वेतनमान रुपया 16400–20000 (सादृश्य वेतन बैण्ड–4 रुपये 37400–67000 एवं ग्रेड वेतन रुपये 8900/–) का पद रखा जाये। अपर निदेशक (वन सांख्यकीय) के उक्त पद पर संयुक्त निदेशक (वन सांख्यकीय) के पद से पदोन्नति की व्यवस्था रखी जाये। "

2– कृपया उर्पयुक्त निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत करने का कष्ट करे।

भवदीय,

(अजय अग्रवाल)
विशेष सचिव।

संख्या– वे0आ0–1–1206(1)/दस–2011–15(एम)/2011 , तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :––

1– वित्त वेतन आयोग अनुभाग–2,
2– कार्मिक नियमावली प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश सचिवालय।
3– निदेशक, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन, लखनऊ को शासनादेश वित्त विभाग की बेवसाइट पर डाले जाने हेतु।
4– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(नरेन्द्र कुमार)
संयुक्त सचिव।